fb/seemasandesh1951 seemasandesh1951@gmail.com 0141-2700113



क्रोध में मनुष्य अपने मन की बात कहने के बजाय दूसरों के हृदय को ज्यादा दुखाता है। -मुंशी प्रेमचन्द

1951 में स्थापित

सीमा सन्देश

आवाज किसान की, जवान की

■ वर्ष : 33 ■ अंक : 244 ■ मूल्य : रु. 2.00 ■ पृष्ठ : 08

जयपुर, सोमवार, 04 मार्च, 2024

ऑनलाइन पढ़ें : epaper.seemasandesh.in

गुलाबों की खुशबू ... 5

जिज्ञासु प्रवृत्ति और वैज्ञानिक सोच विकसित करें विद्यार्थी: डॉ. पी सी पंचारिया

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। सीएसआईआर- सीरी, पिलानी में 28 फरवरी 24 से आरंभ हुए 'पीएम श्री इंटर्नशिप कार्यक्रम' का समापन रविवार गौरवपूर्ण ढंग से आयोजित दीक्षांत समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रम में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, काजड़ा के 80 विद्यार्थियों एवं पांच शिक्षकों ने भाग लिया।

दीक्षांत समारोह में डॉ पंचारिया ने छात्र-छात्राओं को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भेंट किए।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने की। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज संपूर्ण विश्व भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है।

भारत सरकार युवाओं को स्टार्टअप इंडिया मिशन के अंतर्गत नवाचारों के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में जिज्ञासु प्रवृत्ति और वैज्ञानिक सोच का होना बहुत जरूरी है। साथ ही उन्होंने कहा कि वे समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान की दिशा में भी सोचें। इसी से उन्हें नवाचार की प्रेरणा मिलेगी। डॉ पंचारिया ने विकासशील से विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में विद्यार्थियों को अपना योगदान देने का आह्वान किया। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर पीएम श्री जेएनवी, काजड़ा के प्रधानाचार्य संजय कुमार यादव ने भारत सरकार की पीएम श्री योजना पर प्रकाश डाला।